दिन– गुरूवार दिनांक– 05 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी। कैमूर और अरवल में बाढ के हालात।

02. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज राज्य के एक दिवसीय दौरे पर। पटना में कैलाशपति मिश्र की जयंती शताब्दी समारोह मे होंगे शामिल।

04. और, आज राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस है। राज्य में डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित हो रहे हैं कई कार्यक्रम।

---

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण जिले में गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। वाल्मीकिनगर गंडक बराज से कल नदी में एक लाख अस्सी हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं, कैमूर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ के हालात बन गये हैं। जिले से होकर गुजरने वाली कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां उफान पर हैं। हमारे संवाददाता ने बताया है कि दुर्गावती नदी का पानी रामपुर प्रखंड के निचले इलाकों में फैल गया है। जिले के ग्यारह प्रखंडों में राहत और बचाव कार्य के लिए आपदा प्रबंधन और मेडिकल टीम का गठन किया गया है। हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया है कि लगातार बारिश से शहर के मुख्य मार्गों पर जल–जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पुनपुन नदी के जलस्तर में तेजी से हो रही बढ़ोतरी से कई गांवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। वहीं, जहानाबाद में लगातार हो रही बारिश से वर्षों से सुखी जमुना नदी में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना समेत कई स्थानों पर आज सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पूर्व भाग कई जिलों में अनेक स्थानों पर वज्रपात और मेघ गर्जन की भी चेतावनी जार की है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। रोहतास के दिनारा में सबसे अधिक एक सौ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

———————————————————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ छियालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ पैंसठ नए मामले मिले हैं। इधर, भागलपुर में पच्चीस, नवादा में पंद्रह, पूर्वी चंपारण में बारह और बेगूसराय में ग्यारह नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू पीड़ितों की संख्या साढ़े सात हजार के करीब हो गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है। नई दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जतिन आहूजा ने डेंगू से बचाव के लिए सुरक्षा उपायों को अपनाने की सलाह दी है।

———बाईट———

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी प्रति सिलेंडर एक सौ रुपये बढ़ा दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए एलपीजी सब्सिडी, दो सौ रुपये प्रति सिलेंडर से बढ़ाकर तीन सौ रुपये प्रति सिलेंडर करने को मंजूरी दी है।

———बाईट———

वहीं, कैबिनेट ने बिहार की उत्तर कोयल नहर परियोजना के बांकी बचे कार्यों को पूरा करने के लिए केंद्रीय हिस्सा के रूप में एक हजार आठ सौ छत्तीस करोड रुपए की मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना के पूरा होने पर औरंगाबाद और गया समेत चार

जिलों में बयालीस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई हो सकेगी। और ब्यौरे के साथ है हमारे संवाददाता।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने हल्दी और इससे बने उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि यह बोर्ड हल्दी से जुडे मुद्दों और मसाला बोर्ड तथा अन्य सरकारी एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करेगा।

————————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज एक दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। श्री नड्डा पार्टी संस्थापक नेताओं में से एक कैलाशपति मिश्र की जयंती शताब्दी समारोह में भाग लेंगे। वे पार्टी की बिहार इकाई के नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि जयंती शताब्दी समारोह में हिस्सा लेने के बाद श्री नड्डा पार्टी की राज्य कोर समिति और भाजपा विधायकों की बैठक में शामिल होंगे। श्री नड्डा की यात्रा को आगामी लोकसभा चुनाव आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन के नेताओं की बैठकों और राज्य में जाति आधारित गणना के आंकडें जारी किये जाने के मद्देनजर महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश भाजपा इकाई ने कैलाशपति मिश्र के जयंती शताब्दी समारोह के सिलसिले में राज्य में छह अक्टूबर से तीन नवम्बर तक अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

————————————————————————————

आज राष्ट्रीय डॉलफिन दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय जलीय जीव गंगा डॉलफिन के संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष पांच अक्टूबर को यह दिवस मनाया जाता है। गंगा डॉलफिन नेपाल, भारत और बांग्लादेश में गंगा, ब्रह्मपुत्र, मेघना और करणाफुली–सांगु नदियों में पायी जाती है। वन्य जीव विशेषज्ञों, पशु प्रेमियों और पर्यावरण विशेषज्ञों की मांग के बाद राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड ने दो हजार बाईस में राष्ट्रीय डॉलफिन दिवस मनाने की शुरूआत की थी। गंगा नदी में पायी जाने वाली डॉलफिन के संरक्षण के लिए बिहार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्य सरकार की मांग पर केंद्र ने दो हजार दस में गंगा डॉलफिन को राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया था। बिहार में डॉलफिन मुख्यरूप से गंगा, गण्डक, कोसी और महानंदा

नदी में पायी जाती है। राज्य में डॉलफिन का प्रचलित नाम सौंस हैं। डॉल्फिन दिवस के अवसर पर भारतीय जुलोजिकल सर्वे कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

अररिया जिले में पनार सहित महानंदा की विभिन्न सहायक नदियों में डॉल्फिन संरक्षण के लिए दो दशक से अधिक समय से काम कर रहे वन्य जीव प्रेमी सुदन सहाय कहते हैं कि युवा पीढी में डॉल्फिन संरक्षण और संवर्धन को लेकर चेतना लाने की जरुरत है। बिहार राज्य वन संरक्षण बोर्ड के पूर्व सदस्य श्री सहाय ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि मछुआरों ने डॉल्फिन संरक्षण के लिए काफी सहयोग किया है। इन परिस्थितियों में उनकी आजीविका का ध्यान रखना जरुरी है और प्रोत्साहन के तौर पर उन्हें वित्तीय मदद उपलब्ध करानी चाहिए।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रदेश के सभी जिलों में एक दिसम्बर से यातायात पुलिस की ओर से मैनुअल चालान पूरी तरह प्रतिबंधित हो जायेंगे। अपर पुलिस महानिदेशक सुधांशु कुमार ने बताया कि मैनुअल चालान पूरी तरह बंद होने के बाद सिर्फ ई—चालान ही दिया जायेगा। इसके तहत हेंड हेल्ड डिवाईस के माध्यम से चालान किया जायेगा।

————————————————————————————

पटना नगर निगम के दैनिक सफाईकर्मियों की चौदह दिनों से चल रही हड़ताल समाप्त हो गयी है। नगर निगम प्रशासन और पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार समझौते के तहत निगम प्रशासन ने हड़ताली कर्मियों की अधिकांश मांगों को मान लिया है। वहीं, कई मांगों के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनी है।

————————————————————————————

चीन के हांगचोओ में आयोजित उन्नीसवें एशियाई खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता सिद्धार्थ सिंह।

———बाईट———

————————————————————————————

विश्व कप क्रिकेट आज से शुरू हो रहा है। भारत की मेजबानी में आयोजित किये जा रहे क्रिकेट के इस महाकुंभ में दस टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। विश्व कप में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा हैं। भारत का

पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया से होगा। विश्व कप का फाईनल मुकाबला उन्नीस नवम्बर को खेला जायेगा।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** अखबार ने सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– सॉलवर गैंग का खुलासा। अभ्यर्थियों को उत्तर भेजने वाले सिपाही को पटना पुलिस ने नालंदा से दबोचा।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर की सुर्खी दी है– शातिरों ने फर्जी अधिसूचना जारी कर परीक्षा की नई तारीख बताई।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– सिक्कम में बादल फटा, बाईस जवानों समेत इक्यासी लोग लापता। लगातार बारिश से राहत और बचाव कार्य हो रहा है बाधित।

**आज** अखबार का शीर्षक है– पटना नगर निगम कर्मियों की हड़ताल समाप्त।

विशव कप क्रिकेट की खबर को **प्रभात खबर** ने अपनी लीड बनाते हुए लिखा है– चौथी बार भारत की मेजबानी में क्रिकेट का महाकुंभ आज से। अखबार लिखता है– हमारी दावेदारी सब पर भारी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी। कैमूर और अरवल में बाढ के़ हालात।

02. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

03. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज राज्य के एक दिवसीय दौरे पर। पटना में कैलाशपति मिश्र की जयंती शताब्दी समारोह मे होंगे शामिल।

04. और, आज राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस है। राज्य में डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित हो रहे हैं कई कार्यक्रम।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।